# अवैध कालोनाइजरों के नाम करेंगे उजागर: सीईओ

## यमुना प्राधिकरण ने दी जमीन के धंधेबाजों से सतर्क रहने की सलाह

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की हलचल यमुना प्राधिकरण में भी है। प्राधिकरण अपने क्षेत्र में हो रही अवैध निर्माण की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। इसके लिए अवैध कालोनाइजरों के नाम सार्वजनिक कर लोगों को सचेत किया जाएगा। ताकि लोग सस्ती जमीन के लालच में इनके जाल में फंसकर अपनी जमा पूंजी न गंवा बैठें।

- अधिसूचित क्षेत्र में सक्रिय हैं अवैध कालोनाइजर
- प्राधिकरण नाम उजागर कर जल्द कसेगा शिकंजा



अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण को जमीन आवंटित करने का अधिकार है। क्षेत्र में सक्रिय अवैध कालोनाइजर के खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाएगी। उनके नामों को उजागर किया जाएगा। लोगों को कालोनाइजरों से जमीन खरीदने से बचना चाहिए।
**–पीसी गुप्ता, सीईओ यमुना प्राधिकरण।**

कालोनाइजर प्राधिकरण अधिसूचित क्षेत्र में कालोनी काटकर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। जमीन को प्राधिकरण अधिसूचित क्षेत्र से बाहर दिखाने के लिए फर्जी दस्तावेजों का सहारा ले रहे हैं। कालोनाइजरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने लोगों को आकर्षित करने के लिए एक्सप्रेस-वे के किनारे होर्डिंग तक लगा रखी है। लोगों को सस्ती जमीन उपलब्ध कराने का लालच दिया जा रहा है। अलीगढ़, मथुरा, हाथरस क्षेत्र में कालोनाइजर सक्रिय हैं। प्राधिकरण कई कालोनाइजर व बिल्डर को चिह्नित कर चुका है। एक कालोनाइजर के खिलाफ तो मामला भी दर्ज किया जा चुका है। हालांकि प्राधिकरण के सामने स्टाफ की कमी भी आड़े आ रही है। इससे अधिसूचित क्षेत्र में अवैध गतिविधियों की निगरानी करने में मुश्किल हो रही है। इसके चलते प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय शुरू करने के साथ ही स्टाफ की संख्या बढ़ाने की कवायद में भी जुटा है।

# टायर फटने से स्कूली वैन पलटी

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा :** एच्छर चौकी क्षेत्र में बुधवार सुबह होंडा फैक्ट्री चौराहे के समीप कासना स्थित एक निजी स्कूल के वैन का टायर फट गया। इससे वैन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और पलट गई। वैन पलटते ही उसमे सवार बच्चों के बीच चीख-पुकार मच गई। होंडा फैक्ट्री के एक कर्मचारी ने वैन में सवार दो बच्चों को यथार्थ वेलनेस अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से प्राथमिक उपचार के छुट्टी दे दी गई, जबकि वैन में सवार कई अन्य बच्चों को भी चोट आई है।

उधर, एक अन्य सड़क हादसे में कासना कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब दस बजे बीटा एक सेक्टर के समीप तेज रफ्तार कार चालक ने मोटरसाइकिल सवार दो लोगों राजकुमार व धर्मेंद्र को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों लोग डिवाइडर से पर गिर गए। डिवाइडर पर गिरने से एक व्यक्ति के सिर में चोट लगी है। जबकि दूसरे को मामूली चोट आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को पास स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# प्राधिकरण की मेहरबानी से कट रही अवैध कालोनियां

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा :** बाकायदा इश्तहार लगाकर खुलेआम अवैध कालोनियां काटी जा रही हैं लेकिन प्रशासन और प्राधिकरण इसे संज्ञान नहीं ले रहे हैं। यह बात अलग है कि बीच-बीच में कार्रवाई कर यह दिखावा जरूर किया जाता है कि माफिया को प्राधिकरण और प्रशासन रोकने के लिए पूरी तरह सतर्क है। लेकिन सतर्कता अगर होती तो प्राधिकरण की कार्रवाई के बावजूद हरनंदी (हिंडन) के डूब क्षेत्र में कई जगहों पर धड़ल्ले से अवैध कालोनियां नहीं कट रही होतीं।

मामनाथलपुर गांव में कालोनाइजर नौकरीपेशा और मजदूरी करने वाले लोगों को अपने जाल में फंसाकर कालोनियों तक लाते हैं। पिछले छह माह से यह धंधा चल रहा है। नदी के किनारे की जमीन पर छोटे-छोटे भूखंड बनाकर बेचे जा रहे हैं।

मामनाथलपुर गांव में यमुना एक्सप्रेस वे और नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे के नजदीक बसा है। गांव के नजदीक से हरनंदी भी बह रही है। कुछ दूरी पर यह यमुना नदी में जाकर मिलती है। इस वजह से इस गांव में लोग जमीन लेना पंसद कर रहे हैं। हरनंदी और बांध के बीच में काफी जमीन खाली पड़ी है। इस पर कालोनाइजर अब अवैध कालोनी बसा रहे हैं। जमीन के बड़े हिस्से पर छोटे-छोटे रास्ते बनाकर प्लाटिंग की जा रही है। सिंचाई विभाग, जिला प्रशासन और प्राधिकरण का ध्यान अभी इस तरफ नहीं गया है। हालांकि, सिंचाई विभाग ने करीब दो माह पहले कालोनी काटने वालों को नोटिस दिए थे, लेकिन इससे आगे कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस ने भी अवैध कालोनी काटने वालों पर शिकंजा नहीं कसा।

- प्रशासन कार्रवाई का दिखावा भी करता है पर माफिया पर अंकुश नहीं लगा पाता

क्षेत्र में काटी जा रही अवैध कालोनियों को चिह्नित कर लिया गया है। एक-एक कर सभी कालोनियों को ध्वस्त किया जाएगा।
**–मानवेंद्र सिंह, एसीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।**

## एक नजर

### भवन निर्माण पर रोक का विरोध

**ग्रेटर नोएडा :** गांवों में ढाई मंजिल से अधिक ऊंचाई के भवन निर्माण पर रोक के विरोध में बुधवार को डाढ़ा गांव के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी से मिला। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे रकम सिंह भाटी ने कहा कि प्राधिकरण ने नक्शे को लेकर जो आदेश जारी किया है, वह गलत है। गांवों में पुरानी आबादी है। लोग अपने जरूरत के हिसाब से भवन का निर्माण करते हैं। प्राधिकरण के मनमाने आदेश से ग्रामीणों की दिक्कत बढ़ेंगी। उन्हें नक्शा पास कराने के लिए प्राधिकरण के चक्कर काटने होंगे। इस मौके पर कवर लाल सिंह, जिले सिंह, चिंताराम आदि मौजूद थे।

### नक्शा को लेकर जताया विरोध

**ग्रेटर नोएडा :** ग्रामीणों व किसानों का प्रतिनिधिमंडल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से मिला। ग्रामीणों ने गांवों की आबादी व नक्शा के मामले में प्राधिकरण के रवैए का विरोध किया। किसान नेता रकम सिंह भाटी ने बताया कि गांवों में आबादी पहले से ही पड़ी है। यह उनकी जमीन है। ऐसे में प्राधिकरण इस पर अपनी मनमानी कैसे कर रहा है। ग्रामीणाों को नक्शा पास कराने के लिए प्राधिकरण के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसमें ग्रामीणों को राहत मिलनी चाहिए। इस मौके पर कुंवरपाल सिंह, जिले सिंह, चिंतराम, रमेश चंद्र, पप्पू, रणवीर, राम सिंह, प्रीतम, हरवीर व अन्य मौजूद रहे।

### भाजपा का सदस्यता अभियान

**ग्रेटर नोएडा :** भारतीय जनता पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ ने बुधवार को पार्टी के सदस्यता अभियान में तेजी लाने के लिए बैठक की। प्रकोष्ठ के संयोजक सतीश गोयल ने कहा कि पार्टी को जिले में दो लाख सदस्य बनाने के लिए लक्ष्य मिला है। यह ऑनलाइन चल रहा है। इसे और जल्द से जल्द पूरा करने के लिए व्यापार प्रकोष्ठ भी लोगों को प्रेरित करेगा। प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ग्रेटर नोएडा के हेरिटेज में कहा कि भाजपा मिशन सदस्यता अभियान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद सदस्यता लेकर शुरू किया। यह देश भर में ऑनलाइन चल रहा है। यह 31 दिसबंर तक लगातार चलता रहेगा। इस मौके पर ठाकुर हरीश सिंह, देवेंद्र वैसला, दिनेश सिंघल, सतीश गोयल, संजय भाटी, रवि जिंदल, संजीव, रवि गर्ग, सचिन, तरुण, प्रमोद व अन्य मौजूद रहे।

### जिले से दिल्ली कूच करेंगे अधिवक्ता

**ग्रेटर नोएडा :** पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की पीठ स्थापना को लेकर 26 नवंबर को अधिवक्ता संसद का घेराव करेंगे। जिला बार अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने बताया कि मेरठ में हुई केंद्रीय संघर्ष समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। 26 नवंबर को पश्चिम उत्तर प्रदेश से लोग जनपद न्यायालय परिसर में एकत्र होंगे। वहां से बस द्वारा दिल्ली के लिए रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि पीठ की स्थापना के लिए जनता का भी सहयोग लिया जाएगा।

### ट्रक से कुचलकर मौत

**दादरी :** बुधवार देर शाम कोट पुलिस चौकी के सामने एक ट्रक चालक ने स्कूटी सवार को कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। मृतक के बेटे ने दादरी कोतवाली में शिकायत की है। पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर रही है। चिटहेरा का रहने वाला 50 वर्षीय किरणपाल सिकंद्राबाद में एक निजी कंपनी में काम करता था। बुधवार शाम को वह ड्यूटी से वापस लौट रहा था। कोट चौकी के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में वह स्कूटी से उछलकर सड़क पर गिरा। हादसे के बाद भी ट्रक चालक ने ट्रक नहीं रोका और किरणपाल को कुचलता हुआ आगे बढ़ गया। हादसे में किरणपाल की मौके पर ही मौत हो गई। किरणपाल के बेटे शिव कुमार ने दादरी कोतवाली में मामला की शिकायत दी है। पुलिस ट्रक को जब्त कर चालक की तलाश कर रही है।

### तेजवीर बने कांग्रेस के महासचिव

**ग्रेटर नोएडा :** गौतमबुद्धनगर की जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष ने तेजवीर नागर को महासचिव मनोनीत किया। उन्हें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल खत्री ने पार्टी का महासचिव मनोनीत किया है। कांग्रेस के महासचिव तेजवीर ने कहा कि वह कांग्रेस के सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाने के लिए लोगों के बीच जाएंगे। उन्हें कांग्रेस के हाथ मजबूत करने के लिए प्रेरित करेंगे।

### बस से लैपटाप चोरी

**नोएडा :** कोतवाली सेक्टर 20 क्षेत्र अन्तर्गत डीटीसी बस से बदमाश एक युवक का लैपटाप बैग चुरा ले गए। वारदात मंगलवार की है। पीड़ित आशुतोष जायसवाल निवासी सेक्टर 49 ने वारदात की शिकायत पर पुलिस से कर दी है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# कुलेसरा में दहशत बरकरार

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा :** सूरजपुर के कुलेसरा में अतिक्रमण हटाने व लोगों का आशियाना गिराये जाने के विरोध में हुई तोड़फोड़ व उपद्रव के बाद अब भी गांव के लोग दहशत में जी रहे हैं। गांव में अभी भी पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात है। पुलिस तोड़फोड़ व आगजनी में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने के लिए विभिन्न स्थानों पर लगातार दबिश दे रही है। पुलिस को चकमा देकर अभी भी दर्जनों आरोपी फरार चल रहे हैं।

सुथ्याना गांव में सोमवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अतिक्रमण दस्ते ने डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण को गिरा दिया था। इस घटना में दर्जनों लोग अपने जीवन भर की कमाई से बनाए आशियाने को गिरता देख आक्रोशित हो गए। लोगों ने कुलेसरा के समीप जाम लगा दिया व प्राधिकरण का घेराव करने चल दिए। पुलिस के रोकने पर गुस्सा और भड़क गया। लोगों ने वहां से गुजरने वाले वाहनों पर अपना गुस्सा उतारना शुरू कर दिया था। पुलिस के रोकने का प्रयास करने पर पुलिस पर भी जमकर पथराव किया गया। करीब एक घंटे तक सुथ्याना व कुलेसरा के लोगों ने जमकर उपद्रव मचाया था।

मामले में पुलिस ने करीब 250 अज्ञात, 60 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करीब दो दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दर्जनों आरोपी अभी भी फरार चल रहे हैं। पुलिस दिन रात गांव में कैंप कर रही है। गांव में तैनात पुलिस के कारण लोग अपने घरों से निकलने से भी डरने लगे हैं। गांव के लोगों का आरोप है कि मामले में कुछ निर्दोष लोगों को भी पुलिस जबरन फंसाने का काम कर रही है। देर रात फैक्ट्रियों से आने जाने वाले लोगों को भी पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज रही है।

- गांव वालों ने आशियाना तोड़े जाने का किया था विरोध
- पुलिस ने दर्जनों को किया गिरफ्तार अभी औरों की तलाश

निबंधन विभाग को इस बात की जानकारी नहीं होती है कि जमीन आवासीय क्षेत्र में है या फिर सिंचाई क्षेत्र में है। निबंधन कार्यालय स्टांप शुल्क खरीदार व बेचने वाले लोगों के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर ही निर्णय लेता है।
**–तेज सिंह यादव, सब रजिस्टार, निबंधन विभाग।**

# कांग्रेस ने मनाई इंदिरा गांधी की जयंती

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा :** कांग्रेस ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई। इस मौके पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉक्टर महेंद्र नागर ने कहा कि इंदिरा गांधी को विश्व राजनीति में लौह महिला के तौर जाना जाता है। उन्होंने देश की उन्नति के लिए कार्य किया है। वह जब तक देश की प्रधानमंत्री रहीं, तब तक उन्होंने देश को मजबूत किया। इंदिरा ने देश को विश्व पटल पर मजूबत राष्ट्र के रूप में पहचान दी। इस मौके पर पीतांबर शर्मा, प्रकाश चंद्र नागर, राजबीर रौसा, उदयवीर घरबरा, आलोक सिंह, तेजवीर नागर, एमएल शर्मा, दुष्यंत नागर, मनोज चौधरी, राकेश शर्मा, लायक राम पहाड़िया, राम सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## युवा कांग्रेस ने इंदिरा गांधी की जयंती पर आयोजित की निबंध प्रतियोगिता

**जासं, ग्रेटर नोएडा :** भारतीय युवा कांग्रेस ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई। इसे नेहरु स्मारक इंटर कालेज साकीपुर में आयोजित किया। इस मौके पर निबंध और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने भाषण व वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। निबंध व भाषण प्रतियोगिता जीतने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# इमारत के भार को कम करेगी फ्लाई ऐश

**अरविंद मिश्रा, ग्रेटर नोएडा**

**थर्मल पावर** प्लांट से निकलने वाली फ्लाई ऐश का निस्तारण बड़ी चुनौती है। अगले दो वर्षों में फ्लाई ऐश में तीन गुना बढ़ोतरी का अनुमान है। इसके निस्तारण के लिए नामचीन प्रौद्योगिकी संस्थान में शोध चल रहे हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) ने फ्लाई ऐश से ऐसा कंक्रीट तैयार किया है जो हल्का व अधिक मजबूत है। इसके उपयोग से इमारतों के निर्माण में स्टील व सीमेंट की खपत भी कम होगी।

देश भर के 88 थर्मल पावर प्लांट से प्रति वर्ष 131 मीट्रिक टन फ्लाई ऐश निकलती है। अगले दो वर्षों में यह 300-400 मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगी।

आइआइटी के छात्रों ने फ्लाई ऐश से कंक्रीट तैयार किया है जो मजबूत होने के साथ हल्का भी होगा। फ्लाई ऐश की गोलियां बनाकर उन्हें एक हजार से बारह सौ डिग्री सेल्सियस पर गर्म किया जाता है। इससे गोलियां की आंतरिक संरचना में बदलाव होता है। इनकी मजबूती काफी अधिक हो जाती है। इसे पानी व कंक्रीट के साथ मिलाकर ब्लॉक तैयार होंगे। इस कंक्रीट की मजबूती काफी अधिक है। जहां सामान्य कंक्रीट की मजबूती बीस से तीस मेगा पास्कल होती है। वहीं फ्लाईऐश से तैयार गोलियों से बनी कंक्रीट की मजबूती 70 मेगापास्कल यूनिट से अभी मापी गई है। इसके अलावा यह भार में काफी हल्का भी है। आइआइटी के छात्र प्रतीक नायक ने बताया कि बहुमंजिला इमारतों में नींव पर ढांचे का काफी अधिक दबाव होता है। कुल भार का 75 फीसद इमारत का अपना वजन होता है। फ्लाई ऐश से तैयार कंक्रीट का प्रयोग करने से इमारत के भार में कमी होगी। इससे नींव पर दबाव कम होगा। वहीं ढांचे में प्रयोग होने वाली स्टील, सीमेंट की जरूरत भी कम होगी। इससे बहुमंजिला इमारत की निर्माण लागत कम हो जाएगी।



एक्सपो मार्ट में आयोजित प्रदर्शनी में अपने स्टॉल पर कंकरीट से बने ब्लाक को दिखाता युवक। जागरण

# इलेवन स्टार दादरी ने मैच जीता

**जागरण संवाददाता, नोएडा :** सेक्टर-62 में खेले जा रहे स्व. चौधरी मंटूरी यादव मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को पहला सेमी फाइनल मैच खेला गया। इसमें इलेवन स्टार दादरी ने मैच 30 रन से जीत लिया।




पहला सेमी फाइनल मैच इलेवन स्टार दादरी और ग्रीन फील्ड क्रिकेट एकेडमी दिल्ली के बीच खेला गया। इलेवन स्टार दादरी ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। अमित नागर ने 23 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 33 रन बनाए। नितिन नागर ने 17 गेंद पर चार चौके और दो छक्के की मदद से 33 रन बनाए। सिद्धार्थ ने 23 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 32 रन बनाए। ग्रीन फील्ड क्रिकेट एकेडमी दिल्ली की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए कपिल ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट लिए। जबकि अनुज ने 36 रन देकर चार ओवर में तीन विकेट चटकाए। इस तरह 20 ओवर में नौ विकेट खोकर इलेवन स्टार दादरी ने 204 रन बनाए।

बल्लेबाजी करने उतरी ग्रीन फील्ड की टीम ओर से दीपक ने 42 गेंद पर आठ चौके और तीन छक्के की मदद से 65 रन बनाए। जावेद ने 20 गेंद पर सात चौके और दो छक्के की मदद से 43 रन बनाए। इलेवन स्टार की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए कपिल ने चार ओवर में एक मेडन और 36 रन देकर चार विकेट लिए। अमित नागर ने चार ओवर में 26 रन देकर दो विकेट लिए। संजित नागर ने चार ओवर में 47 रन देकर दो विकेट लिए। ग्रीन फील्ड क्रिकेट एकेडमी दिल्ली की टीम 20 ओवर में 174 बनाकर आल आउट हो गई। मैन आफ द मैच अमित नागर को दिया गया। उन्होंने 33 रन बनाए और दो विकेट लिए। उन्हें मैन आफ द मैच चौधरी मनफूल यादव ने दिया।

## सिरसा ने जगतफार्म की टीम को हराया

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा स्थित शहीद विजय सिंह पथिक क्रीड़ा संकुल में फ्रेंड्स हैवन स्पोर्टस फाउंडेशन द्वारा चौथा ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। बुधवार को मुख्य अतिथि रवि भाटी ने मैच का शुभारंभ किया। टॉस जीत कर जगतफार्म की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सिरसा गांव की टीम निर्धारित 20 ओवर में 151 रन का स्कोर खड़ा किया। मानू ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। जबकि विकास ने 30 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। अरूण व कुलदीप ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जगतफार्म की टीम निर्धारित ओवर भी नहीं खेल पाई। पूरी टीम 135 रनों के स्कोर पर आउट हो गई। कुलदीप ने सर्वाधिक 52 रनों का योगदान दिया। दूसरा मुकाबला नवादा गांव व मायचा गांव के बीच हुआ। नवादा की टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित ओवर में 200 रन का लक्ष्य विपक्षी टीम को दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मायचा की टीम 20 ओवर में 130 रन पर आल आऊट हो गई। पहले मैच में विकास भाटी व दूसरे मैच में जितेंद्र चेची को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। जितेंद्र चेची ने 90 रनों की शानदार पारी खेल कर टीम के लिए सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया।

# तीस तक छात्रवृत्ति आवेदन

**जासं, ग्रेटर नोएडा :** छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन से वंचित छात्रों के लिए शासन ने बड़ी राहत दी है। छात्रों को आवेदन के लिए एक और मौका दिया गया है। तीस नवंबर तक छात्र ऑन लाइन आवेदन कर सकेंगे। इस समय सीमा के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं होगा। शासन ने छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए ऑन लाइन आवेदन भरवाए थे। इसके लिए 31 अक्टूबर अंतिम तिथि थी।

# किसानों को समय से खाद-बीज उपलब्ध कराएं: सीडीओ

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा :** मुख्य विकास अधिकारी माखन लाल गुप्ता ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से हल करने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि रबी के लिए किसानों को समय से बीज व खाद उपलब्ध कराएं। सीडीओ विकास भवन में आयोजित किसान दिवस पर अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

सीडीओ ने कहा कि रबी की बुआई के लिए किसानों को उन्नत बीज व उर्वरक समय से उपलब्ध कराए। सिंचाई के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

## जिला जज ने प्रचार प्रसार के दिए निर्देश

**जागरण सं, ग्रेटर नोएडा :** जनपद न्यायाधीश अभय कुमार ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह छह दिसंबर को होने वाली मेगा लोक अदालत के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करें। राजस्व विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी, तहसील, ब्लॉक, पंचायत भवनों, थाना भवनों पर पोस्टर आदि चस्पा कराकर मेगा अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार करें।

# परीचौक स्टैंड पर वसूली को लेकर फायरिंग

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा :** परीचौक स्टैंड पर खड़े होने वाले वाहनों से वसूली के लिए दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोली भी चला दी। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। परीचौक पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने रंगदारी मांगने की धारा में मामला दर्ज किया है।

परीचौक स्टैंड पर अवैध तरीके से कैब, ऑटो व टैंपो को खड़ी कर सवारी बैठाने के एवज में मोटी रकम वसूलने का धंधा फल फूल रहा है। कुछ माह पूर्व तक रामी निवासी जौली सिकंद्राबाद यहां वसूली करता है। सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण उसका धंधा बंद हो गया। इस काम को वर्तमान समय में बोडाकी निवासी रामवीर संभाल रहा था। पुलिस का कहना है कि इस मामले को लेकर रामवीर व रामी के बची कई बार नोंकझोंक पहले भी हो चुकी थी। कल भी दोनों के बीच मामले को लेकर काफी देर तक नोंकझोंक हुई। इसी दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोली चला दी। पुलिस ने आच्छेजा निवासी शोभित को गिरफ्तार कर लिया है।

- एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मामला परीचौक स्टैंड पर टैंपो से शुल्क वसूलने को लेकर शुरू हुआ था। शुल्क वसूलने वाले एक पक्ष से आरोपी पांच हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से रंगदारी की मांग कर रहा था। न देने पर फायरिंग की गई। पुलिस आरोपी को तलाश कर रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
**–समरजीत सिंह, कोतवाली प्रभारी कासना।**

DHIRSONS JEWELLERS
Today's B.I.S. Hallmark 22/22CT. Gold Rate
₹24500* per 10g
*Subject to rate fluctuation.
*24CT. Gold Rate x .916 = 22CT. Gold Rate
LOWEST RATES IN DELHI
Flat 8% Making On All Items
• 100% Buy-Back on Gold
• Get Full value of Old Gold without any loss
• Diamond Jewellery at Wholesale Price
• 100% Buy-Back on Diamond
ONLY AT---> Bank Street KAROL BAGH
(Opp. Tanishq) NEW DELHI Ph: 41082333/444

सैक्स समस्याएँ
वैवाहिक जीवन को रखें खुशहाल
खोई ताकत और जोश फिर से पायें।
पति-पत्नी के संबंधों में गर्माहट लायें।
100% AYURVEDIC No Side Effect
मर्दाना पावरवर्धक फ्री
शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, ढीलापन, तनाव में कमी, इन्द्रियों का छोटापन, के लिए सम्पर्क करें।
Sanjivani Ayurvedashram
www.sanjivaniayurvedashram.com
09871705423, 08586020963

TODAY'S GOLD RATE
₹20990/- per 10 gms.
MAKING CHARGES 5% ONLY ON ALL ITEMS
100% BUY BACK GUARANTEE only at :
Rama Krishna Jewellers Pvt. Ltd.
D-34, Main Road, Central Market
Lajpat Nagar-II, New Delhi. Ph.: 47874787

D2Hshop.com DEALS TO HOME
BIG SALE
अब हर आम आदमी करेगा स्टिंग ऑपरेशन स्पाई विडियो कैमरा 4GB पेन के संग
लेंस
Video REC
Audio REC
₹2290 ₹1199
FREE Branded Sunglasses + Aluma Wallet ₹2,074/-
Video 30 Frames Per Second
Audio 24KHz High Sampling Rate /Wav Format
Camera PC Camera/ Video Chatting /Web Conferencing
Compact Design with Invisible Lens
ORDER NOW 0120-4019110
Buy these products from www.d2hshop.com and get SHIPPING FREE • SMS D2H 141120B TO 57272 | BUY ONLINE www.d2hshop.com